कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ

आदेश संख्याः270/जिविसेप्रा–2024–25 दिनांकः 07.06.2024

विज्ञप्ति

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा संचालित ए0डी0आर0 केन्द्र लखनऊ में सृजित तृतीय श्रेणी कर्मचारी (कनिष्ठ लिपिक) के 02 पदों पर मासिक पारिश्रमिक 10730/– रूपयें की दर से संविदा के आधार पर लघु अवधि के लिये नियुक्ति की जानी है। तृतीय श्रेणी कर्मचारी (कनिष्ठ लिपिक) संविदा पदों हेतु सृजित किये गये पदों का कार्यकाल नियुक्ति से दिनांक 28.02.2025 तक होगा।

उक्त पदों पर नियुक्ति हेतु इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थीगण से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। अधिक जानकारी व नियत आवेदन प्रारूप हेतु जनपद न्यायालय लखनऊ की वेबसाईट तथा नजारत अनुभाग जनपद न्यायालय लखनऊ के नोटिस बोर्ड पर देखें।

पात्रता

1. आवेदक कम से कम इण्टरमीडिएट परीक्षा उत्तीण हो।
2. आवेदक आवेदन करने की तिथि को DOEACC सोसाइटी द्वारा ट्रिपल 'C' प्रमाण पत्र प्राप्त हो।
3. आवेदक हिन्दी भाषा में कम से कम 25 शब्द प्रति मिनट अथवा अंग्रेजी भाषा में कम से कम 30 शब्द प्रति मिनट कम्प्यूटर पर टाईप व आशुलेखन का ज्ञान हो वरीयता दी जायेगी।
4. आवेदक की आयु दिनांक 30.05.2024 को 18 से 40 वर्ष के मध्य हो।
5. ऐसे व्यक्ति आवेदन हेतु पात्र नहीं होंगे, जिनके विरूद्ध कोई आपराधिक वाद/जाँच लम्बित हो अथवा किसी न्यायालय द्वारा दण्डित किया गया है।

आवेदन प्राप्ति के स्थान

आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को निर्धारित प्रारूप पर अपना आवेदन समस्त औपचारिकताओं को पूर्ण करते हुये जनपद न्यायालय लखनऊ में स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के कार्यालय में दिनांक 20.06.2024 को सायंकाल 04:00 बजे तक करना होगा। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आवेदन पत्र के साथ संलग्न किये जाने हेतु अपेक्षित प्रपत्र

1. शैक्षिक योग्यता सम्बन्धी प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियाँ।
2. आधार कार्ड की स्वप्रमाणित छायाप्रति।
3. निवास प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति।
4. दो पासपोर्ट साईज स्वप्रमाणित नवीनतम रंगीन फोटोग्राफ (एक आवेदन में नियत स्थान पर लगाया जाना है एवं एक आवेदन के साथ संलग्न किया जाना है)

टंकण परीक्षा एवं साक्षात्कार हेतु नियत स्थान व दिनांक

पंजीकृत अभ्यर्थियों को टंकण परीक्षा एवं साक्षात्कार कि तिथि एवं समय अभ्यर्थी को जरियें दूरभाष एवं प्रकाशन बताया जायेगा। आने–जाने हेतु उपस्थित अभ्यर्थियों को किसी प्रकार का मार्ग व्यय आदि देय नहीं होगा।

अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र के साथ संलग्न किये गये समस्त प्रपत्रों की मूल प्रतियाँ टंकण परीक्षा एवं साक्षात्कार के समय साथ लेकर उपस्थित हो।

(मीनाक्षी सोनकर)
अपर जिला जज/सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
लखनऊ

प्रतिलिपिः–

1– माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ को अवलोकनार्थ हेतु सादर प्रेषित।
2– जिलाधिकारी, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि कलेक्ट्रट व अधीनस्थ तहसीलों के नोटिस बोर्ड पर उक्त विज्ञप्ति को चस्पा कराये जाने तथा जिला सूचना अधिकारी को निःशुल्क प्रकाशित कराये जाने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।
3– केन्द्रीय नाजिर, जनपद न्यायालय, लखनऊ को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि वह उक्त विज्ञप्ति को नोटिस बोर्ड पर चस्पा करायें।
4– सिस्टम ऑफीसर, कम्प्यूटर अनुभाग, जनपद न्यायालय लखनऊ को उक्त विज्ञप्ति व आवेदन का प्रारूप माननीय उच्च न्यायालय, लखनऊ की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

(मीनाक्षी सोनकर)
अपर जिला जज/सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण,
लखनऊ

जनपद लखनऊ में स्थित ए0डी0आर0 सेन्टर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ में तृतीय श्रेणी कर्मचारी (कनिष्ठ लिपिक) संविदा के पदों पर नियुक्ति हेतु

आवेदन का प्रारूप

स्व प्रमाणित नवीनतम पासपोर्ट साईज की रंगीन फोटोग्राफ

आवेदित पद– कनिष्ठ लिपिक

1. आवेदक का नाम हिन्दी में ....
   Name in English (Block Letters..
2. आवेदक के पिता का नाम हिन्दी में ....
3. जन्म तिथि (अंको में) ....
   (शब्दों में) ....
4. आयु दिनांक (01.06.2024 को) ....
5. आवेदक का वर्तमान पता ....
6. आवेदक का स्थायी पता ....
7. आवेदक का मोबाईल नम्बर ....
8. शैक्षिक योग्यता एवं प्रमाणित प्रमाण पत्रों की छायाप्रति संलग्न करें।
9. सामान्य जाति, पिछड़ी जाति, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति ....

क्रम0सं0	परीक्षा	बोर्ड/विश्वविद्यालय	वर्ष	श्रेणी	प्रतिशत
01	हाई स्कूल/समकक्ष				
02	इण्टरमीडिएट/समकक्ष				
03	अन्य.................				
04	अन्य.................				
05	अन्य.................				

10. कम्प्यूटर पर कार्य करने में सक्षम है ....
11. आशुलिपि का ज्ञान? ....
12. ऐसे कार्य विशेष अर्हता जिसका उल्लेख करना चाहते हो ....

उद्घोषणा

मैं प्रमाणित करता/करती हूँ कि उपरोक्त सभी सूचनायें मेरी निजी ज्ञान में सही व सत्य है। यदि किसी भी समय उक्त सूचनायें गलत या झूठी पायी गयी तो उसकी पूर्णरूपेण जिम्मेदारी मेरी स्वयं की होगी व इस सम्बन्ध में मेरे विरूद्ध की गयी कार्यवाही मुझे स्वीकार होगी। मैंने आवेदन सम्बन्धी सभी नियम/शर्तों का अवलोकन कर लिया है तथा वे सभी मुझे स्वीकार है।

संलग्नक:–

1.
2.
3.
4.
5.
6.
7.
8.

आवेदक के हस्ताक्षर

दिनांक ....

स्थान ....